बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

पत्रांक– **1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024**....460... पटना, दिनांक– 08/06/24

प्रेषक,

**ई० ब्रजेश मोहन**

**अभियंता प्रमुख, मुख्यालय**

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
सभी मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,
मुख्य अभियंता, यांत्रिक एवं
समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

**विषयः– साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत है कि प्रत्येक सोमवार को पूर्वाह्न में सचिव महोदय की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जाती है जिसमें वरीय पदाधिकारियों के साथ मुख्य अभियंतावार योजनाओं की प्रगति एवं व्यय की समीक्षा की जाती है। प्रायः यह देखा गया है कि मुख्य अभियंता प्रक्षेत्रों द्वारा प्रगति प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में ससमय उपलब्ध नहीं कराया जाता है। गै०स०प्रे० सं०–236/स०को० दिनांक 04.06.2026 द्वारा बैठक से सम्बंधित प्रतिवेदन/पत्र/पीपीटी सचिव कोषांग में बैठक आयोजित होने के एक दिन पूर्व उपलब्ध कराने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि सभी मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्राधीन कार्यपालक अभियंता से प्राप्त साप्ताहिक प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में समेकित करते हुए प्रत्येक शुक्रवार के पूर्वाह्न में निश्चित रूप से अपने संबंधित मोनिटरिंग अंचल को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

विश्वासभाजन

(ई० ब्रजेश मोहन) 08/06/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024 460 पटना, दिनांक– 08/06/24

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़/कैड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश है कि परिक्षेत्राधीन मुख्य अभियंता से साप्ताहिक वांछित प्रतिवेदन प्राप्त कर मुख्य अभियंतावार समेकित करते हुए शुक्रवार के अपराह्न में योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि ससमय बैठक से संबंधित प्रतिवेदन/पीपीटी सचिव कोषांग को उपलब्ध कराया जा सके।

08/6/26

(ई० ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

Div-1_PMC-1_26_91

पत्रांक–1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024–460 पटना, दिनांक 08/06/24

प्रतिलिपिः– संयुक्त निदेशक, FMISC/विधि पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग/स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं वांछित प्रतिवेदन शुक्रवार के अपराह्न में योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।

08/6/24

(ई० ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–1/पी०एम०सी०/योजना/21/2024–460 पटना, दिनांक 08/06/24

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र को संबंधितो को ई–मेल एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

08/6/24

(ई० ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय